राजकीय महाविद्यालय ठियोग में करियर काउंसिलिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 23-08-2025

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में करियर कॉन्सिल और प्लेसमेंट सेल का आयोजन किया गया। ज्ञान ज्योति एनजीओ की तरफ से मिस्टर प्रकाश डोगरा वह उनकी पूरी टीम ने इस कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला की शुरुआत करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉक्टर अनीता राठौर के स्वागत संबोधन के साथ हुई। उसके पश्चात एक पीपीटी के द्वारा श्री प्रकाश डोगरा ने बच्चों को व्यक्तित्व विकास की और ए0 आई0 की विस्तार पूर्वक जानकारी दी । इन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सकारात्मक नकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी । करियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की सदस्य प्रोफेसर श्रद्धा ने छात्रों को ज्ञानवर्धक जानकारी देने के लिए ज्ञान ज्योति टीम का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए करियर कॉन्सिल और प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉक्टर अनीता राठौर की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों के समग्र विकास एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में इस प्रकार के कार्यक्रम महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देना, उनके कौशल का आकलन कर उन्हें उपयुक्त दिशा में मार्गदर्शन देना था। इसमें भाग लेने वाले छात्रों को ई सर्टिफिकेट दिए गए।

STUDENTS LEADERSHIP
FUNNEL PROGRAM

STUDENTS LEADERSHIP
FUNNEL PROGRAM
NATIONAL CADET CORPS
THEOG